भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3597

24 मार्च, 2026 को उत्तर देने के लिए

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग को बजटीय आवंटन

3597. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान स्वास्थ्य बजट के प्रतिशत के रूप में और सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) को कुल कितना बजटीय आवंटन किया गया;

(ख) क्या सरकार ने डीएचआर की अनुदान की मांगों 2025-26 पर 164वीं रिपोर्ट में कम आवंटन, जो कि स्वास्थ्य बजट का केवल 3.91 प्रतिशत है और जीडीपी का 0.02 प्रतिशत है, के संबंध में व्यक्त की गई चिंताओं की जांच की है, जबकि इस संबंध में बार-बार संसदीय सिफारिशे की गई हैं;

(ग) स्थायी समिति की उस पिछली सिफारिश का अनुपालन न करने के क्या कारण हैं जिसमें यह कहा गया था कि स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के बजट का कम से कम 5 प्रतिशत और स्वास्थ्य बजट का 5 प्रतिशत आवंटित किया जाना चाहिए; और

(घ) क्या सरकार समिति की सिफारिश के अनुसार आगामी पांच वर्षों में स्वास्थ्य अनुसंधान में निवेश बढ़ाने का विचार रखती है??

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): भारत में स्वास्थ्य पर अनुसंधान, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के साथ-साथ केंद्र सरकार के अन्य विभागों जैसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जिसमें अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन शामिल है, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, औषध विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे संस्थानों द्वारा किया जाता है। वर्ष 2021 से स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग का बजटीय आवंटन वर्ष-वार इस प्रकार है:

क्रम संख्या	वर्ष	बजट अनुमान स्तर पर आवंटन (करोड़ रुपये में)
1.	2021-22	2663.00
2.	2022-23	3200.65
3.	2023-24	2980.00
4.	2024-25	3301.73
5.	2025-26	3900.69

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग का वार्षिक आवंटन 2021-22 से 2025-26 तक स्वास्थ्य बजट का 3.34% से 3.91% जबकि सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 0.017% से 0.020% प्रतिशत तक रहा है।

(ख) से (घ): सरकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए सरकार की समग्र प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों को बजट आवंटित करती है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग का बजट आवंटन वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2663.00 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4821.21 करोड़ रुपये हो गया है, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के बजटीय आवंटन में 81% की पर्याप्त वृद्धि हुई है।

*****